

**श्री नरेंद्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री

प्रधान मंत्री
आवास योजना-शहरी
Pradhan Mantri Awas Yojana-Urban



**श्री हेमंत सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

# "पक्का मकान मिलने से रौशन हुआ जीवन"



श्रीमती कौशल्या देवी, पति-गोपेश्वर गोराई, निवासी ग्राम-मांझी टोली, बुण्डू वार्ड नं०12 की निवासी हैं। वह एक गरीब परिवार की महिला हैं। उनके घर में परिवार के 5 लोग एक साथ रहते हैं। उनका पूर्व का मकान खपरैल लकड़ी का बना हुआ था, जिसमें बरसात के समय छत से काफी पानी गिरता रहता था। इस वजह से घर की मिट्टी की दीवार भी गिरने का डर हमेशा सताता रहता था। ऐसे ही समय में कौशल्या देवी को इस बात का पता चला कि शहरी क्षेत्र के गरीब लोगों की भलाई के लिए भारत सरकार एवं झारखण्ड सरकार द्वारा महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) क्रियान्वित की जा रही है। इसके बाद उन्होंने बुण्डू नगर पंचायत कार्यालय जाकर सरकार की इस योजना के बारे में पूरी तरह से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्हें कार्यालय कर्मियों के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) का आवेदन फॉर्म दिया गया।

कौशल्या देवी ने कार्यालय से घर आने के बाद परिवार की सहमति से फॉर्म भरकर बुण्डू नगर पंचायत में जमा कर दिया। कुछ दिनों बाद उन्हें कार्यालय बुलाकर बताया गया कि आपका नाम प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुक के रूप में चयनित हो गया है। इसके लिए उन्हें भवन निर्माण हेतु कार्यालय से आदेश दिया गया, जिससे उन्हें काफी खुशी हुई। भवन निर्माण का आदेश मिलते ही उन्होंने अपना आवास बनाना प्रारंभ कर दिया, जिससे कार्यालय द्वारा चार किश्तों के आधार पर उन्हें 2,25,000 (दो लाख पच्चीस हजार) रुपये की राशि प्राप्त हो गई।

भवन निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद कौशल्या देवी का पूरा परिवार खुशी-खुशी नए पक्का मकान में रहने लगा। इसके लिए उनके पूरे परिवार के सभी सदस्यों ने केन्द्र सरकार व राज्य सरकार तथा बुण्डू नगर पंचायत कार्यालय के माननीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कार्यपालक पदाधिकारी, अपने वार्ड पार्षद एवं संबंधित सभी कार्यालय कर्मियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए हृदय से उनका आभार व्यक्त किया है।

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**

टॉल फ्री नं०: 1800-120-2929 | वेबसाइट: dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA